Road Accidents of Two-Wheelers and Three Wheelers

420. SHRI SATISH PRADHAN: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what is the percentage of road accidents involving two wheelers and three wheelers vis-a-vis other vehicles;

(b) whether Government are contemplating introduction of new compensation scheme;

(c) whether Government propose to introduce Mandatory fitments for Safety measures, for vehicle manufacturers, if so, what are the details thereof; and

(d) whether Government will consider issuance of notification for strict-implementation of use of safety measures by two wheeler operators all over the country?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) Percentage of road accidents involving two wheelers and three wheelers vis-a-vis total number of accidents is as under:—

Year	*Two-Wheelers*	*Three-Wheelers*
1991	13.97%	7.56%
1992 (Provisional)	13.10%	7.09%

(b) Yes, Sir.

(c) and (d) In the Central Motor Vehicles Rules, certain provisions relating to types of brakes, steering gears, safety glass, signalling devices, reflectors, lamps, top lights, speed governors, safety belts, auto-dipper etc. have already been made. All these provisions except the provisions regarding safety belt and auto-dipper have come into force.

Besides, under the Central Motor Vehicles Rules, the Government have prescribed standards of 22 important components, which the manufacturers have to observe.

These provisions are to be implemented by the State Governments and no separate notification is called for.

केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत उत्तर प्रदेश में निर्माण कार्य

421. **श्री आनन्द प्रकाश गौतम:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करें कि:

(क) भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत स्वीकृत उत्तर प्रदेश में चालू निर्माण कार्यों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष, 1989 से आज की तारीख तक भारत सरकार द्वारा स्वीकृत उत्तर प्रदेश की सडकों का ब्यौरा और अनुमानित लागत क्या है;

(ग) इन योजनाओं के लिए भारत सरकार ने कितनी धनराशि का आवंटन किया है; और

(घ) स्वीकृत शेष राशि के भुगतान हेतु कब तक जारी किए जाने की संभावना है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) और (ख) वर्ष 1989 से और उसके बाद संस्वीकृत निर्माण कार्यों सहित इस समय चल रहे कार्यों के ब्यौरे संलग्न विवरण में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

(ग) और (घ) केन्द्रीय सड़क निधि कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माण कार्यों के लिए निधियां अनुमोदित स्कीमों की लागत, जारी की गई निधियों, राज्यों द्वारा परियोजित अपेक्षाओं और बजट प्रावधान संबंधी उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए स्कीम-वार नहीं बल्कि राज्य-वार आबंटित की जाती हैं।

विवरण

उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सड़क निधि के अंतर्गत अनुमोदित चालू कार्यों की सूची

(लाख रुपए)

क्रम सं॰	कार्य का नाम और जाब संख्या	संस्वीकृत राशि
	सड़क कार्य:	
1.	जिला वाराणसी में बाबतपुर जमालपुर सड़क का निर्माण (ए॰एल॰/यू॰पी॰/5/v/पी॰एल॰)	32.21
2.	जिला फर्रूखाबाद में फर्रूखाबाद बाईपास का निर्माण (ए॰एल॰/यू॰पी॰/5/iv/पी॰एल॰)	14.62
3.	जिला आजमगढ़ में आजम गढ़ वाराणसी सड़क का सुधार। (ए॰एल॰/vयू॰पी॰/पी॰एल॰)	38.00
4.	जिला लखनऊ में बक्शी का तालाब तक सड़क का निर्माण (ए॰एल॰/13/यू॰पी॰/iv/पी एल)	54.66
5.	जिला मिर्जापुर में कन्हार और सातवाहिनी नदी पर पुल के लिए पहुंच मार्गों का निर्माण (आर॰/यू॰पी॰/61/iv/पी॰एल॰)	65.81
6.	जिला आजमगढ़ में जीनपुर-अमुवार वालिदपुर-मोहमदाबाद सड़क का निर्माण (ए॰एल॰/यू॰पी॰/13/vv/पी एल)	78.30
7.	जिला लखनऊ में मोहनलाल गंज-गोसाईगंज सड़क का सुधार और सुदृढ़ीकरण (ए एल/यू पी/6/88)	58.65
8.	सुलतानपुर और रायबरेली जिलों में अमेठी परियोजना क्षेत्र की लो॰नि॰वि॰ की मौजूदा महत्वपूर्ण सड़कों को चौड़ा करना, मजबूत बनाना और उन पर चलने की गुणवत्ता में सुधार करना (सी आर एफ/यू पी/39/007)	1965.90
9.	जिला मऊ में अलीनगर इंदारा महावारा मधुबन सड़क (शहीद मार्ग) को मजबूत करना—संशोधित प्राक्कलन (सी आर एफ/यू पी/88/027)	334.00
	पुल निर्माण कार्य	
10.	जिला मिर्जापुर में दूधी-विधमगंज सड़क पर कन्हार नदी के पुल का निर्माण (आर/यू पी/6/vi/पी॰एल॰)	187.64

आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान आरम्भ किये जाने के लिए चुनी गयी सभी योजनाएं

422. **श्री ब्रह्मदेव आनन्द पासवान:** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उनके मंत्रालय की चुनी हुई कौन-कौन सी योजनाओं को आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू किया जाना है;

(ख) कितनी योजनाएं बिहार से सम्बन्धित हैं; और

(ग) क्या बिहार हेतु योजनाओं को क्षेत्र और जनसंख्या के आधार पर स्वीकृति दी गयी है और यदि नहीं, तो इन योजनाओं को किस आधार पर बनाया गया है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान शुरू किए जाने के लिए प्रस्तावित 100 करोड़ रुपए और इससे अधिक की लागत की चुनी हुई स्कीमों के नाम:—